Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- जिला उदयपुर में एसीबी की ट्रैप कार्रवाई
- रिश्वत राशि 3,000/- रूपये ग्रहण करने के बाद कांस्टेबल फरार।

जयपुर, दिनांक 23 जुलाई, 2026। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी, स्पेशल यूनिट, उदयपुर द्वारा आज कार्यवाही करते हुये आरोपी **राजेन्द्र कुमार मीणा, कानिस्टेबल 3055, पुलिस थाना गोवर्धनविलास, उदयपुर** को परिवादी से **3,000/- रूपये** रिश्वत राशि ग्रहण करने पर डिटेन करने का प्रयास किया गया, लेकिन आरोपी रिश्वत राशि ग्रहण कर नेशनल हाईवे पर ट्रेफिक के दबाव का फायदा उठाकर मोटरसाईकिल से फरार हो गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** ने बताया कि ब्यूरो के **हेल्पलाईन नं 1064** पर शिकायत दर्ज करवाने के पश्चात दिनांक 19.07.2026 को ए.सी.बी. चौकी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, स्पेशल यूनिट, उदयपुर पर परिवादी द्वारा शिकायत प्रस्तुत की कि पुलिस थाना गोवर्धनविलास, उदयपुर पर उसके विरूद्ध मारपीट करने के संबंध में दर्ज शिकायत पर कार्यवाही नहीं करने की एवज में पुलिस थाना गोवर्धनविलास के पुलिसकर्मी राजेन्द्र कुमार मीणा द्वारा तीन हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग की जा रही है।

जिस पर ए.सी.बी. के **उप महानिरीक्षक पुलिस -प्रथम, डॉ. रामेश्वर सिंह** के सुपरविजन में ए.सी.बी. स्पेशल यूनिट उदयपुर के प्रभारी अधिकारी **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राजीव जोशी** के नेतृत्व में **पुलिस निरीक्षक श्री लक्ष्मण डांगी** द्वारा रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता की कार्यवाही की गई, जिसमें आरोपी राजेन्द्र कुमार मीणा कानिस्टेबल द्वारा परिवादी से उसके खिलाफ पुलिस थाना गोवर्धनविलास, उदयपुर में दर्ज शिकायत पर कार्यवाही नहीं करने की एवज में 3,000/- रूपये रिश्वत राशि की मांग की गई, रिश्वत मांग सत्यापन की पुष्टि होने पर आज दिनांक 23.07.2026 को श्री लक्ष्मण डांगी, पुलिस निरीक्षक मय टीम द्वारा अग्रिम ट्रेप कार्यवाही करते हुये आरोपी राजेन्द्र कुमार मीणा कानिस्टेबल द्वारा अपनी मांग अनुसार परिवादी से रिश्वत राशि 3,000/- रूपये ग्रहण करने पर डिटेन करने का प्रयास किया गया, लेकिन आरोपी रिश्वत राशि ग्रहण कर नेशनल हाईवे पर ट्रेफिक के दबाव का फायदा उठाकर मोटरसाईकिल से फरार हो गया। आरोपी राजेन्द्र कुमार मीणा कानिस्टेबल बेल्ट नं. 3055, पुलिस थाना गोवर्धनविलास, उदयपुर की तलाश की जा रही है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1064 एवं व्हाट्सएप हेल्पलाइन नम्बर 9413502834** पर 24X7सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी सहायता करेगी।